COVID-19 VACCINE
Public Health Advice

कोविड-19टीका

Pfizer/BioNTech टीका, Comirnaty

केबारे में महत्वपूर्ण जानका

संस्करण 5

10 फरवरी **2021**

Rialtas na hÉireann
Government of Ireland

इस लीफलेट के बारे में

यह लीफलेट आपको कोविड-19 (कोरोना वायरस) टीका के बारे जानकारी देगा.

इससे निम्नलिखित जानकारी मिलेगी:

- कोविड 19-क्या है
- कोविड 19-टीका क्या है
- यह किसे और क्यों मिलेगा
- टीका कराना जरुरी क्यों है
- किसे यह नहीं दिया जाएगा और किसे बाद में मिलेगा
- सुरक्षित टीका एवं इसके दुष्प्रभाव
- आपको अधिक जानकारी कहाँ मिल सकती है

इस लीफलेट को ध्यानसे पढ़ें. आप इस टीका के बारे में किसी पेशेवर स्वास्थ्यकर्मी (डॉक्टर) से बात भी कर सकते हैं ,जैसे कि आपके डॉक्टर या फार्मासिस्ट।

कोविड 19-क्या है?

कोविड 19-एक बीमारी है जो आपके फेफड़ों और वायुमार्ग ,और कभी-कभी आपके शरीर के अन्य हिस्सों को प्रभावित कर सकती है।

यह कोरोनावायरस नामक वायरस के कारणहोता है। कोविड-19 अत्यधिक संक्रामक है।

यह हवा के माध्यम से लोगों के खांसने या छींकने से उत्पन्नड्रॉपलेट्स के जरिए फैलती है ,या जब वे उनसतहों को छूते हैं जहां ड्रॉपलेट्स गिरी हों और फिर अपनी आंखों ,नाक या मुंह को छूते हैं।

कोविड 19-गंभीर बीमारी ,अस्पताल में भर्ती करने और यहां तक कि मौत का भी कारण बन सकता है।

कोविड 19-के सामान्य लक्षणों में शामिल हैं:

- बुखार (38 डिग्री सेल्सियस या उससे अधिक का तापमान)
- नई खांसी - यह किसी भी तरह की खांसी हो सकती है, नकि सिर्फ सूखी
- सांस लेने में तकलीफ या सांसों की कमी
- गंध या स्वाद के बोध में कमी या परिवर्तन– इसका मतलब है कि आपने महसूस किया कि आपकुछ भी सूंघ नहीं सकते या स्वाद नहीं ले सकते हैं, या अलग तरीके से गंध या स्वाद ले रहे हैं।

जरूरी नहीं है कि आपमें इनमें से सभी लक्षणहों या हो सकता है, आपसिर्फ सामान्य दिनों के मुकाबले कम अच्छा महसूस कर रहे हों। लक्षणदिखने में 14 दिनतक का समय लग सकता है। ये सर्दी या फ्लू के लक्षणों के समानहो सकते हैं।

यदि आपके पास कोविड-19 का कोई भी आम लक्षण हैं ,तो आपखुद को दूसरों से अलग कर लें (अपने कमरे में रहें) और GP (डॉक्टर) को फोन करें। वे आपके लिए कोविड-19 परीक्षण की व्यवस्था कर सकते हैं।
कोविड-19 के बारे में अधिक जानकारी के लिए ,कृपया www.HSE.ie/coronavirusपर जाएं या 1850 24 1850 पर HSELiveको कॉल करें।

कोविड 19-से सबसे अधिक खतरा किसे है?

65 वर्ष या इससे अधिक उम्र के और कुछ विशेष स्वास्थ्य स्थितियों वाले लोगों को कोविड-19 होने पर गंभीर रूपसे बीमार होने का खतरा अधिक होता है।

वृद्ध लोग जो दीर्घकालिक देखभाल सुविधाओं में रहते हैं उन्हेंकोविड-19 होने पर गंभीर रूपसे बीमार होने का अधिक खतरा होता है, क्योंकि यह वायरस एक साथ रहने वाले लोगों में जल्दी फैलता है।

अन्य लोगों की तुलना में स्वास्थ्यकर्मियों को कोविड 19-के संक्रमणका अधिक खतरा है।

कोविड 19-टीका क्या है?

वैक्सीनएक ऐसा पदार्थ है जो किसी विशेष बीमारी के लिए प्रतिरक्षा (इम्यूनिटी) में सुधार कर सकती है। कोविड-19 टीका आपको कोविड-19 के संक्रमणसे सुरक्षा प्रदानकरेगी।

यदि लोगों को टीका लगाया जाता है तो यह समुदाय में कोविड-19 की वजह से गंभीर रूपसे बीमार होने या मरने वालों की संख्या को भी कम कर सकता है। टीका आपकी प्रतिरक्षा प्रणाली को सिखाता है कि आपको बीमारियों से कैसे बचाया जाए। कोविड 19-का संक्रमणहोने की तुलना में टीकाकरणआपकी प्रतिरक्षा प्रणाली के लिए अधिक सुरक्षित है।

हम पहले किसे टीका की पेशकश कर रहे हैं?

हम) हेल्थ सर्विस एग्जीक्यूटिव (उनलोगों को पहले टीका की पेशकश कर रहे हैं जिन्हें कोविड 19-होने का सबसे ज्यादा खतरा है।

हम इसे इनलोगों को दे रहे हैं:

आयरलैंड में आपूर्ति होते ही टीके दिए जाएंगे।

आप वेबसाइट पर टीकाकरण हेतु समूहों की सूची देख सकते हैं: **www.gov.ie/covid19vaccine**

आप प्राथमिकता समूहों की पूरी सूची इस वेबसाइट पर देख सकते हैंwww.gov.ie/covid19vaccine :

हालांकि यह आपके उपर है कि आप टीका लेते हैं या नहीं HSE ,यह अनुशंसा करता है कि जैसे ही हम इसे आपको प्रदान करते हैं ,आप इसे लें। HSE टीका निःशुल्क दे रहा है।

टीका लगवाने से पहले आपको इस पुस्तिका और रोगी सूचना पत्र को पढ़ना होगा। आपरोगी की जानकारी www.hse. ie/covid19vaccinePILपर देख सकते हैं।

आपपहले ही किसी स्वास्थ्यकर्मी से भी बात कर सकते हैं। यदि आपटीका प्राप्त करने का निर्णय लेते हैं ,तो आपअपनी सहमति देंगे जो रिकॉर्ड की जाएगी

मेरा वैक्सीनेटर कौन है?

आपका वैक्सीनेटर वह व्यक्ति है जो आपको टीका देता है।

वे प्रशिक्षित स्वास्थ्यकर्मी हैं जो HSEके साथ काम करते हैं ,जैसे एक नर्स ,डॉक्टर या फार्मासिस्ट।

कोविड 19-टीका लेना क्यों महत्वपूर्ण है?

कोविड 19-का टीका आपको कोविड 19-की गंभीर जटिलताओं से बचाव करेगा ,लोगों को टीका की पेशकश करने के पीछे हमारा उद्देश्य उनकी रक्षा करना और इस वायरस से होने वाली बीमारी और मौतों को कम करना है।

मुझे पहले ही कोविड 19-संक्रमण हो चुका है ,क्या मुझे टीका लगवाने की आवश्यकता है?

हाँ। अगर आपको पहले ही कोविड-19 संक्रमणहो चुका है, तो भी आपइससे फिर से संक्रमित हो सकते हैं।

टीका से आपके कोविड 19-के दोबारा होने का खतरा कम हो जाएगा। यहां तक कि अगर आपको फिर से कोविड 19-होता है ,तो टीका आपके लक्षणों की गंभीरता को कम कर सकता है।

मुझे इस वक्त कोविड 19-है ,क्या मुझे टीका लगवाना चाहिए?

नहीं, जब तक आपकोविड-19 से ठीक नहीं हो जाते, तब तक आपको टीका नहीं लगवाना चाहिए।

इसके लिए यह करें :

- लक्षणदिखाई देने के कम से कम चार सप्ताह बाद या
- कोविड-19 के लिए पॉजिटिव पाए जाने के चार सप्ताह बाद

टीका की प्राप्ति

मुझे टीका कहां मिलेगा?

आपको टीकाकरण क्लिनिक, आपके डॉक्टर या सामुदायिक फार्मेसी पर टीका दिया जाएगा।

यदि आप दीर्घकालिक देखभाल सुविधा में रहते हैं, तो आपको उसी माध्यम से टीका की पेशकश की जाएगी।

यदि आप एक फ्रंटलाइन स्वास्थ्यकर्मी हैं, तो जहाँ आप काम करते हैं वहीं टीका की पेशकश की जाएगी, अथवा टीकाकरण क्लिनिक पर।

जब आपकी बारी आती है, तो हम आपको विज्ञापन के जरिये या सीधे आमंत्रित कर बताएंगे कि आपको टीका कैसे मिलेगा। यह जरूरी है कि इससे पहले टीकाकरणके लिए HSE से संपर्क नकरें।

कौन सा टीका उपलब्ध है?

जो टीका हम आपको दे रहे हैं ,वह Comirnatyकहलाती है ,जो Pfizer / BioNTechद्वारा निर्मित है।
यह mRNAटीका आपके शरीर को एक प्रकार का प्रोटीन बनाना सिखाता है ,जो कोविड-19 के वायरस का उपयोग
किए बिना एक प्रतिरक्षा प्रतिक्रिया को ट्रिगर कर सकता है।
तब आपका शरीर एक एंटीबॉडी बनाता है जो भविष्य में कोविड-19 वायरस के आपके शरीर में प्रवेश करने पर संक्रमण सेलड़ने में मदद करता है।

कोविड 19-टीका कैसे दिया जाता है?

कोविड 19-टीका आपके ऊपरी बांह में एक इंजेक्शनके रूपमें दिया जाता है। इसमें कुछ ही मिनट लगेंगे।



मुझे कोविड 19-टीका की कितनी खुराक की आवश्यकता होगी?

बेहतरीनसुरक्षा पाने के लिए आपको कोविड 19-टीका की दो खुराक की आवश्यकता होगी। आपको पहली खुराक के 28दिन)चार पूर्णसप्ताह (के बाद दूसरी खुराक लेना होगा।

क्या टीका सुरक्षित है?

HSE केवल तभी टीका का उपयोग करता है जब वे सुरक्षा और प्रभावशीलता के आवश्यक मानकों को पूरा करते हैं।

हालांकि कोविड-19 टीकों को विकसित करने का काम सामान्य से काफी तेजगति से हो रहा है, हम आपको जो टीका दे रहे हैं वह एक सुरक्षित और प्रभावी टीका को विकसित और अनुमोदित करने के लिए आवश्यक सभी चरणों से गुजरा है।

उपयोग के लिए अनुमोदित होने के लिए, सुरक्षा के अंतर्राष्ट्रीय मानकों का पालनकरते हुए, कोविड-19 टीका उनसभी क्लिनिकल परीक्षणों और सुरक्षा जांच से गुजरी है जिनसे अन्य सभी लाइसेंस प्राप्त दवाएं गुजरती है।

हम आपको जो टीका दे रहे हैं ,वह Comirnaty कहलाती है ,जो Pfizer / BioNTech द्वारा निर्मित है। इसमें:

- ✔ क्लिनिकल ट्रायल के दौरानहजारों लोगों के साथ परिक्षणकिया गया है।
- ✔ सुरक्षा ,गुणवत्ता और प्रभावशीलता के सख्त मानकों को पूरा किया ,और नियामकों द्वारा अनुमोदित है और लाइसेंस प्राप्त किया गया। आयरलैंड के लिए ,नियामक यूरोपियनमेडिसिन्स एजेंसी (EMA) है - अधिक जानकारी के लिए www.ema.europa.eu पर जाएं

टीका के साइड इफेक्ट्स क्या हैं?

सभी दवाओं की तरह, टीका दुष्प्रभाव पैदा कर सकते हैं। इनमें से अधिकांश हल्के से मध्यम, अल्पकालिक होते हैं, और हर किसी को नहीं होते।

10में से एक से अधिक लोग निम्नलिखित उपसर्ग अनुभव कर सकते हैं :

- थकानमहसूस करना
- बांह में कोमलता, सूजनऔर / या लाली जहां आपको टीका का इंजेक्शनलगा है
- सिरदर्द
- मांसवेशियों में दर्द
- जोड़ों का दर्द
- जी मिचलाना
- बुखार (38 डिग्री सेल्सियस या उससे ऊपर का तापमान)

दुर्लभ मामलों में ,कुछ लोगों को जहां टीका दिया गया था ,वहां खुजली हो सकती है ,लिम्फ ग्रंथियों की सूजन ,या अनिद्रा हो सकती है। ये दुष्प्रभाव 1,000 लोगों में 1 से अधिक में देखे जा सकते है।
बेल्स पाल्सी एक दुर्लभ साइड इफेक्ट है जो 10,000 लोगों में 1 से अधिक में देखा जाता है।
टीका के गंभीर दुष्प्रभाव ,जैसे एलर्जी की प्रतिक्रिया अत्यंत दुर्लभ हैं ,यह 100,000 लोगों में 1 में देखा जाता है।
आपके वैक्सीनेटर को बहुत ही कम गंभीर एलर्जी प्रतिक्रियाओं के इलाज के लिए प्रशिक्षित किया जाता है।
कोविड-19 टीका उन्हीं क्लिनिकल ट्रायल और सुरक्षा जांच से गुजरी है जिनसे अन्य सभी लाइसेंस प्राप्त टीका गुजरते हैं ,हालांकि यह टीका नई है और दीर्घकालिक दुष्प्रभाव की जानकारी सीमित है।
जैसे हीं आयरलैंड और दुनिया भर में ज्यादा लोगों को यह टीका दिया जाता है ,दुष्प्रभाव की अधिक जानकारी उपलब्ध हो पाएगी।
HSEहमारी वेबसाइट पर नियमित रूप से इस जानकारी को अपडेट करेगा ,और यदि आवश्यकहो, तो टीका की पहलीया दूसरी खुराक पर लोगों को दी गई सूचना पत्रक (इन्फोर्मेशन लीफलेट) को अपडेट करेगा।

टीका के बाद बुखार

टीकाकरणके बाद बुखार आना काफी आम है। आमतौर पर, यह टीका लगने के दो दिन(48 घंटे) के भीतर होता है, और यह अगले दो दिनों में चला जाता है। टीका की दूसरी खुराक के बाद आपको बुखार होने की अधिक संभावना है। यदि आपअसहजमहसूस करते हैं, तो बॉक्स या लीफलेट पर निर्देशित तरीके से पैरासिटामॉल या आइबुप्रोफेनलें। यदि आपचिंतित हैं ,तो कृपया चिकित्सीय सलाह लें।

क्या कोविड 19-टीका आपको कोविड 19-दे सकता है?

नहीं, कोविड-19 के टीका से आपको कोविड-19 का संक्रमणनहीं हो सकता। यह संभव है कि आपटीका लेने से पहले कोविड-19 से संक्रमित हो जाएं और आपको टीकाकरणके अपाइंटमेंट के बाद इसके लक्षणका पता चले।

यदि आपमें कोविड-19 का कोई आम लक्षणहैं, तो स्वयं को दूसरों से अलग करना (अपने कमरे में रहना) और कोविड- 19 का पता लगाने के लिए नि:शुल्क परीक्षणकराना महत्वपूर्णहै।

यदि आपको बुखार है जो टीका लगने के दो दिनसे अधिक समय के बाद शुरू होता है, या दो दिनों से अधिक समय तक रहता है, तो आपको खुद को अलग कर लेना चाहिए और एक डॉक्टर (GP) से अपना कोविड-19 परीक्षणके लिए कहना चाहिए।

यदि आपमें पहली खुराक के बाद लक्षणहैं ,तो भी आपको दूसरी खुराक लेने की आवश्यकता है। जहां आपको पहली खुराक से कुछ सुरक्षा मिल सकती है ,वहीं दूसरी खुराक लेने से आपको वायरस से सबसे अच्छी सुरक्षा मिलेगी।

क्या कुछ ऐसे लोग हैं जिन्हें कोविड 19-टीका नहीं लेनी चाहिए?

हाँ। आपको कोविड 19-टीका नहीं लेनी चाहिए यदि:

- आपको टीका के किसी भी अवयव से एलर्जी की गंभीर प्रतिक्रिया हुई है) पॉलीइथिलिनग्लाइकोल सहित(। अवयव की सूची देखने के लिए रोगी सूचना लीफलेट पढ़ें।
- आपको टीका की पिछली खुराक से गंभीर एलर्जी की प्रतिक्रिया हुई है।

यदि आपको किसी अन्य टीका, इंजेक्टबल थेरपी या पॉलीसोर्बेट 80 से तत्काल एलर्जी हुआ है तो कोविड-19 टीका लेने से पहले अपने डॉक्टर को अवश्य बताएं।

अधिकांश लोग सुरक्षित रूपसे टीका ले सकते हैं। आपको टीका देने वाला व्यक्ति अपने अपाइंटमेंट के वक्त आपके प्रश्नों का उत्तर देने के लिए तैयार होगा।

वे आपको एक टीका के बाद देखभाल के लिए एक आफ्टर-केयर एडवाइस लीफलेट) टीका के बाद देखरेख संबंधी सलाह (भी देंगे ,और एक टीका रिकॉर्ड कार्ड भी देंगे जिसमें दिए गए टीके का नाम और बैच संख्या लिखी होगी।

अगर मुझे उच्च तापमान है तो क्या मुझे कोविड 19-टीका लेनी चाहिए?

नहीं। अगर आपको बुखार 38) डिग्री सेल्सियस या ऊपर का तापमान (है तो आपको टीका लगवाने के लिए तब तक इन्तजार करना चाहिए जब तक आपबेहतर महसूस नहीं करते।

क्या गर्भवती होने या स्तनपान कराने पर टीका लेना सुरक्षित है?

ऐसा कोई साक्ष्य नहीं है जो यह बताता हो कि

यदि आपगर्भवती हैं तो कोविड-19 टीका असुरक्षित है।

टीका का गर्भवती महिलाओं पर व्यापक परीक्षणनहीं किया गया था, इसलिए इस समय उपलब्ध साक्ष्य सीमित हैं।

यदि आपएक स्वास्थ्य कार्यकर्ता हैं या जोखिम वाले समूह में हैं ,और आपगर्भवती हैं ,तो आपको कोविड-19टीका प्राप्त करने के बारे में अपने प्रसूति विशेषज्ञ या डॉक्टर (GP) से बात करनी चाहिए। यदि आपस्तनपानकरा रही हैं तो आपकोविड 19-टीका ले सकती हैं।

टीका को काम करने में कितना समय लगता है?

कोविड-19 टीका की दोनों खुराक लेने के बाद, अधिकांश लोगों की प्रतिरक्षा (इम्यूनिटी) होगी। अर्थात वे कोविड-19 से सुरक्षित होंगे।

इसे काम करने के लिए दूसरी खुराक लेने के बाद 7 दिनलगते हैं।

इस बात की संभावना है की टीका लेने के बाद भी कोविड 19-संक्रमित हो जाएं।

क्या टीका सभी में काम करता है?

टीका का परीक्षण16 साल और उससे अधिक उम्र के लोगों पर किया गया है।

वर्तमानसाक्ष्य यह है कि टीका लेने वाले 95% लोगों को संक्रमणसे सुरक्षा प्रदानकरता है।

यदि आपकी प्रतिरक्षा प्रणाली कमजोर है ,तो टीका लेने में कोई अतिरिक्त जोखिम नहीं है , लेकिनहो सकता है यह आपके लिए ना भी काम करे।

मैं दुष्प्रभावों की रिपोर्ट कैसे करूं?

जैसा की हर टीका में होता है ,आप संदिग्ध दुष्प्रभावों को हेल्थ प्रोडक्ट रेग्युलेटरी ऑथिरिटी ((HPRAको रिपोर्टकर सकते हैं।

HPRA दवाइयों ,चिकित्सा उपकरणों और अन्य स्वास्थ्य उत्पादों के लिए आयरलैंड गणराज्य में नियामकप्राधिकरण है। दवाओं की सुरक्षा निगरानी में अपनी भूमिका के रूप में HPRA ,एक ऐसी प्रणाली संचालित करता है जिसके माध्यम सेस्वास्थ्यकर्मी या जन ता के सदस्य दवाओं और टीकों से जुड़े किसी भी ऐसे संदिग्ध दुष्प्रभाव की रिपोर्ट कर सकते हैं, जो आयरलैंड में हुई है।

HPRAकोविड-19 टीकों से जुड़े संदिग्ध दुष्प्रभावों की रिपोर्टिंग को दृढ़ता से प्रोत्साहित करता है ताकि इसके सुरक्षित और प्रभावी उपयोग की निरंतर निगरानी की जा सके। कोविड-19 टीका पर एक संदिग्ध प्रतिकूल प्रतिक्रिया की रिपोर्ट करने के लिए ,कृपया www.hpra.ie/reportपरजाएं। आप अपने डॉक्टर या परिवार के किसी सदस्य से भी अपने लिए इस बारे में रिपोर्ट करने के लिए कह सकते हैं। इसबारे में यथासंभव अधिक से अधिक जानकारी साझा की जानी चाहिए ,और जहां संभव हो ,टीका का बैच नंबर का उल्लेखकिया जाना चाहिए। HPRAव्यक्तिगत मामलों पर क्लिनिकल सलाह नहीं दे सकता है। लोगों को अपने पेशेवर स्वास्थकर्मी (अपने डॉक्टरया फार्मासिस्ट) से चिकित्सा संबंधी चिंताओं के बारे में संपर्क करना चाहिए।

टीका से प्रतिरक्षा) इम्यूनिटी (कितने समय तक बनी रहती है?

हम अभी तक नहीं जानते हैं कि प्रतिरक्षा कितने समय तक बनी रहेगी।

इसका पता लगाने के लिए क्लिनिकल परीक्षणजारी हैं।

अगर मुझे टीका मिलता है ,तो क्या इसका मतलब है कि मैं दूसरों को कोविड 19 -नहीं फैलाउंगा?

हम अभी तक नहीं जानते हैं कि क्या टीका लेने से आपकोविड 19-वायरस को दूसरों में फैलाना बंद कर देते हैं। इसलिए यह महत्वपूर्णहै कि हम सभी वायरस के प्रसार को रोकने के लिए सार्वजनिक स्वास्थ्य सलाह का पालनकरना जारी रखें। विशेष रूपसे ,आपको अभी भी इसकी आवश्यकता है:

- सामाजिक दूरी के दिशा-निर्देशों का पालनकरें (जहाँ संभव हो दूसरों से दो मीटर की दूरी रखें)
- चेहरा ढंककर रखें
- अपने हाथ नियमित रूपसे धोएं

HSE, स्वास्थ्य विभाग और विश्व स्वास्थ्य संगठन लोगों को कोविड-19 टीका लेने की सलाह देतें हैं, जब भी उन्हें यह उपलब्ध कराया जाए।

स्वयं की और दूसरों की रक्षा करने के लिए धन्यवाद

अधिक जानकारी

अधिक जानकारी के लिए, रोगी सूचना लीफलेट पढ़ें। यह आपके लिए प्रिंट किया जाएगा जिस दिनआपको टीका लग जाएगा, या आपरोगी सूचना लीफलेट को **www.hse.ie/covid19vaccinePIL** पर पा सकते हैं।

आपपेशेवर स्वास्थ्यकर्मी (हेल्थ प्रोफेशनल) से भी बात कर सकते हैं जैसे- आपका GP (डॉक्टर), फार्मासिस्ट या स्वास्थ्य टीम से भी बात कर सकते हैं।

आपHSE की वेबसाइट **www.hse.ie/covid19vaccine** पर भी जा सकते हैं, या **1850 24 1850** पर HSELive पर कॉल कर सकते हैं।

कोविड 19-टीका पर अधिक जानकारी के लिए ,जिसमें अन्य फार्मेट और अनुवाद सहायता शामिल है के लिए **HSE.ie/ covid19vaccinematerials**पर जाएं।

आपकी व्यक्तिगत जानकारी

टीका को सुरक्षित रूपसे संचालित करने और टीका की निगरानी और प्रबंधनके लिए सभी आवश्यक जानकारी रिकॉर्ड करने के लिए, HSE आपकी व्यक्तिगत जानकारी को संसाधित (प्रोसेसिंग) करेगा।

HSE द्वारा संसाधित सभी जानकारी सामान्य कानूनों और विशेष रूपसे सामान्य डेटा संरक्षणविनियमन(GDPR) के अनुसार होगी जो 2018 में लागू हुई थी।

आपके डेटा की प्रोसेसिंग वैध और उचित होगी। यह केवल टीकाकरणके प्रबंधनके विशिष्ट उद्देश्य के लिए संसाधित किया जाएगा।

डेटा न्यूनतमकरणका सिद्धांत लागू किया गया है। इसका मतलब यह है कि केवल वह डेटा रिकार्ड किया जाएगा जो आपको पहचानने, आपका अपांइटमेंट बुक करने, अपने टीकाकरणको रिकॉर्ड करने और इसके प्रभावों की निगरानी करने के लिए आवश्यक है।

- अपने व्यक्तिगत डेटा के बारे में जानकारी और पहुंच का अनुरोध कर सकते हैं (जिसे आमतौर पर data subject access request के रूपमें जाना जाता है)। यह आपको हमारे पास रखे आपके व्यक्तिगत डेटा की एक प्रति प्राप्त करने और यह जाँचने के लिए सक्षम बनाता है कि हम इसे कानूनी रूपसे संसाधित कर रहे हैं।

- आपहमारे पास आपके बारे में रखे गए व्यक्तिगत डेटा के सुधार का अनुरोध कर सकते हैं। यह आपको हमारे पास रखे आपके किसी भी अधूरी या गलत जानकारी को ठीक करने में सक्षम बनाता है।

- आपअपने व्यक्तिगत डेटा को मिटाने का अनुरोध कर सकते हैं। यह आपको हमसे व्यक्तिगत डेटा को हटाने या हटाने के लिए कहने में सक्षम बनाता है अगर हमारे पास इसे संसाधित करने के लिए कोई अच्छा कारणनहीं है। आपको यह अधिकार भी है कि आपहमें अपनी निजी जानकारी को हटाने या हटाने के लिए कहें, जहाँ आपने प्रोसेसिंग पर आपत्ति करने के अपने अधिकार का उपयोग किया है ।

- अपने व्यक्तिगत डेटा के प्रसंस्करणके खिलाफ आपत्ति।

अधिक जानकारी gdpr/www.HSE.ie/eng पर उपलब्ध है

COVID-19 VACCINE
Public Health Advice

10 फरवरी 2021 को HSE
द्वारा प्रकाशित

Rialtas na hÉireann
Government of Ireland